II. मूसांवि -1 विवरणी भरने हेतु मार्गदर्शन / अनुदेश

विवरणी के दो भाग हैं भाग क (मू.सां.वि.-1) और भाग ख (मू.सां.वि.-1 ख) यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शाखा के लिए विवरणी के दोंनों भाग एक साथ भेजे जा रहे हैं। यदि भाग क अथवा भाग ख यह दोनों में कोई अंक दर्ज करने को न हो तो शाखा को 'शून्य (निल)' ऋण वाले शाखाओं की सूचि में शामिल किया जाए।

2. संदर्भ तारीख: सर्वेक्षण की संदर्भ तारीख हर साल की 31 मार्च है। विवरणी जिस वर्ष से संबंधित है, उसका उल्लेख सभी पृष्ठों पर उचित स्थान पर करें।

3. नाम और पता: बैंक का नाम तथा कार्यालय/शाखा का नाम व पता प्रत्येक पृष्ठ इसके लिए दिये गये स्थान पर साफ-साफ दर्ज करें। ई-मेल से आंकड़े भेजते समय मू.सां.वि. अधिकारी का नाम, पदनाम, विभाग और बैंक का नाम कॉन्टैक्ट फ़ोन नंबर के साथ स्पष्ट बता दिया जाए।

4. एक समान शाखा कूट संख्या (यूनिफ़ॉर्म ब्रांच कोड): विवरणी के प्रत्येक पृष्ठ पर दिए गए स्थान पर भारतीय रिज़र्व बैंक के सांविकंसेवि द्वारा दिया समान शाखा कूट संख्या लिखें। वर्तमान में शाखा कूट दो भागों का है, यथा भाग I और भाग II, जिसमें प्रत्येक भाग में सात अंक हैं। विवरणी के सारे पृष्ठों पर भाग I और भाग II कोड देना शाखा/कार्यालय के लिए आवश्यक है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रदत्त एक समान कूट संख्या (भाग I और भाग II) वाले रबड़ स्टैंप का उपयोग शाखा / कार्यालय करें। कृपया नोट करें कि शाखा को दी गयी किसी अन्य कूट संख्या यहाँ दर्ज न कियां जाए। यह सुनिश्चित करें कि मू.सां.वि.-1क और मूं.सा.वि. 1ख की सभी पृष्ठों पर सही शाखा कूट दिया हो। डेटा जमा करने से पहले पार्ट 1 कोड की उचितपन जाँच ली जाए।

5. उपरिलेखन(ओवर राइटिंग): यदि कोई कूट/अंक अपठनीय हैं या उपरिलेखन हुआ हो तो उसे काट कर स्पष्ट रूप से फिर से लिखा जाय।

6. अंकों की पठनीयता: विवरणी की मूल प्रति प्रधान/आंचलिक/क्षेत्रीय कार्यालय हेड/ जोनल/ रिजनल ऑफ़िस को भेजी जाय। यदि अनुलिपी भेजनी जरूरी हो जाय, तो यह सुनिश्चित करें कि सभी अंक व शब्द स्पष्ट हैं और विवरणी का कोई भी हिस्सा छूटा या कटा-फटा नहीं है। मूल प्रति का उपयोग डेटा एंट्रि के लिए किया जाए।

7. विशेष चिह्न जैसे स्ट्रोक (/), कोलन (:), बराबर का चिह्न (=), दशमलव बिंदु (.), अल्पविराम (,) प्रतिशत चिह्न (%), रुपये का चिह्न (रु. या/-) आदि किसी भी कॉलम में दर्ज न किया जाय। शून्य (कुछ नहीं) को डैश (-) द्वारा दिखाएं। दशमलव बिंदु (.) केवल ब्याज दर (मू.सां.वि.-1क का खाना (स्तंभ)12) के मामले में आएगा।

8. दो अल्प विराम या खड़े स्ट्रोक द्वारा दर्शाया गया डिट्टो चिह्न कभी-कभी 11 अंक की तरह लगता है। इसलिए ऐसे मामलों में सावधानी बरतते हुए या अंक को दोबारा लिख दें या डिट्टो को ''-वही-'' शब्द द्वारा दर्शाएं।

9. एक स्तंभ में एक ही कोड दर्ज किया जाय। हरेक खाते के लिए सावधानीपूर्वक सबसे उचित कूट डाला जाय।